डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 89 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 07 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया










# सीवरेज को लेकर नपा की बैठक में जमकर हंगामा

## पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी और सुनील बंसल से अध्यक्ष प्रतिनिधि की जमकर बहस

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में सीवरेज प्लान को लेकर शनिवार को नगरपालिका सभागृह में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बंशीलाल गुर्जर, पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जमकर हंगामा हुआ। निर्दलीय पार्षद सुनील बंसल और पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद राम कोटवानी ने अध्यक्ष प्रतिनिधि से जमकर बहस की। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी कह दिया कि तुम सबको डेढ साल से देख रहा हूं। जो करना है, कर लो। इधर बैठक का कोई नतीजा नहीं निकला। बैठक को अगली बार फिर आयोजित किया जाएगा।



बैठक की शुरुआत ही हंगामे से हुई। इस दौरान सीवरेज प्लान से ज्यादा समय बहसबाजी और आरोप प्रत्यारोप में निकल गया। राम कोटवानी ने कहा कि आप किस हैसियत से अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे हैं। पार्षदो को सिर्फ दिखावे के लिए बुलाया गया है। बहस इस कदर बढ गई कि सुनील बंसल ने कहा कि शहर का सत्यानाश कर दिया गया है। यहां तक की विस चुनाव में हार का जिम्मेदार भी नपा की कार्यप्रणाली को बता दिया गया।

### सूचना नहीं दिए जाने से हुए नाराज...

शुरुआती नाराजगी बैठक के बारे में सूचना नहीं दिए जाने को लेकर हुई। बताया जाता है कि बैठक की सूचना पार्षद सुनील बंसल को नहीं दी गई। इस पर उन्होंने विरोध जताया। जबकि, जिम्मेदारों का कहना था कि मोबाईल लगाया था, लेकिन मोबाईल बंद था। वहीं सुनील बंसल ने लिखीत में सभी पार्षदों को सूचित करने की बात कही।

### अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे...

सुनील बंसल ने कहा कि पार्षदों को बिना सूचना बैठक की जा रही है। अध्यक्ष मूक दर्शक बनी हुई है। अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। बंसल ने कहा कि वार्डो में काम नहीं हो रहे हैं। पार्षदों की कोई सुन नहीं रहा। आखिर पार्षद जाए तो कहा जाए। लालघाटी से नगरपालिका चल रही है। इधर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कह दिया कि डेढ़ साल से तुम सबको देख रहा हूं। जो बनता हो कर लो।

### शहर से भाजपा की हार रही थी चर्चाओं में...

बता दे कि नगरपालिका चुनाव में शहर में एक तरफा जीत भाजपा ने दर्ज की। 40 में से 29 पार्षद जीतकर आए। वहीं विधानसभा चुनाव में शहर से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा पार्षदों के वार्डों र्से ही भाजपा हार गई। इसको लेकर खासी चर्चाएं भी शहर में रही। शहर से जहां जीत का भरोसा भाजपा प्रत्याशी यशपालसिंह सिसौदिया और भाजपा को था। वहीं हुआ इसका विपरिता। बैठक में इस बात की चर्चा भी चलती रही।


### गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जा रहे...

कुछ पार्षदों का आरोप है कि कई वार्डों में विकास कार्यो के लिए आवेदन दिए गए है। लेकिन, उन पर गौर नहीं किया गया। वहीं ठेकेदारों की मनमानी भी जनता को परेशान कर रही है। काम अपने हिसाब से किया जा रहा है। शहर में कई जगहों पर गड्ढ खोदकर छोड़ दिए गए है। उदाहरण के लिए नरसिंहपुरा रोड एक व्यस्ततम मार्ग है। यहां लंबे समय से काम चल रहा है। स्थिति यह है कि अब तो रास्ता ही बंद कर दिया गया है। इसी तरह की स्थिति कुछ समय पहले नयापुरा रोड स्थिति कालाखेत से नेहरु बस स्टैंड जाने वाले मार्ग पर भी आई थी। जहां लंबे समय तक मार्ग बंद रखा गया।















# गरीब एवं पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेड़ा में शामिल हुए

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेडा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान दोनों गांव में आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए गए। शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया। उसके पश्चात शिविर में स्कूल के नन्ही-नन्ही बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि गरीब एवं पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान है। हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है। उसकी हर संभव सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री ने पूरे देश का विचार किया है, हर परिवार को शुद्ध पानी मिले। शुद्ध पानी मिलाने से बीमारियों का प्रकोप कम होता है, इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। हर गांव में काम चल रहा है। घर-घर में नल से पानी मिलेगा। बीमार होने पर इलाज के लिए अस्पताल बनाए गए। आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जिससे बीमार व्यक्ति कहीं पर भी अपना फ्री में इलाज करवा सकता है। सरकार ने हर मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति की है। प्रधानमंत्री ने पूरे हिंदुस्तान का विचार किया है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के माध्यम से महिलाओं के आंसू पोंछने का काम सरकार ने किया है। ऐसी एक नहीं अनेकों योजनाएं सरकार ने बनवाई है। भारत को विश्व गुरु के स्थान पर पहुंचने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही सभी लोग स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग प्रदान करें। कचरा डस्टबिन में ही डालें। साफ सफाई में किसी भी तरह का संकोच न करें। जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर से पहले गांव में मुनादी करवाए। गांव वालों को पहले से ही जानकारी दें कि, शिविर के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर में पात्र व्यक्ति आवेदन करें। आवेदन का तुरंत मौके पर निराकरण किया जा रहा है। शिविर में मौजूद जिम्मेदार अधिकारी जितने भी पात्र व्यक्ति की आवेदन आए हैं। उनको लाभ प्रदान करे। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, जिला एवं जनपद सदस्य, सभी जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे।

**हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई**-भारतकोवर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी**-विकसित भारत संकल्प यात्रा 7 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम रिण्डा, चिपलाना, राजाखेडी एवं सेतखेड़ी, जनपद पंचायत मल्हारगढ में यात्रा बही एवं बोतलगंज, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा भूण्डिया एवं बरखेड़ा नायक, शामगढ में झण्डा चौक शिव मंदिर नगर, नगरी में वार्ड नं. 5 बस स्टेण्ड नगरी, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा रायपुरिया एवं अरन्याचारण, जनपद पंचायत सीतामऊ में साखतली एवं रावटी, देवरियाविजय एवं भैंसोला में भ्रमण करेंगी।

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम बड़वन एवं धमनार होगें शामिल**-संयुक्त कलेक्टर द्वारा बताया गया किउप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 7 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे ग्राम बड़वन में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होगें एवं दोपहर 2.30 बजे ग्राम धमनार में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होगें।तत्पश्चात शाम 4 बजे हड़किया खाल नीमच जिले में बालाजी दर्शन एवं सम्मान समारोह में भाग लेंगे।

# मेटनिटी हेतु आवश्यक इंजेक्शन व दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, स्टाक नहीं है तो बाजार से खरीदे-विधायक मारू

**मनासा, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने रोगी कल्याण समिति की बैठक ली। मेटनिटी हेतु आवश्यक इंजेक्शन और दवाईयां पर्याप्त मात्रा में नहीं है। जिला मुख्यालय से आवश्यकता अनुसार स्टाक की पूति नहीं हो रही है। इस पर विधायक मारू ने नाराजगी जताई और नीमच स्टाक अधिकारी से फोन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बीएमओ डॉ. भायल को निर्देशित किया। श्री मारू ने कहा मेटनिटी हेतु आवश्यक इंजेक्शन व दवाईयां पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे, स्टाक में नहीं है तो बाजार से खरीदे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, बीएमओ डॉ. बीएल भायल, तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना, डॉ. साजिद अंसारी, विजय विजयवर्गीय, आनंद श्रीवास्तव, नितिन श्रीमाल आदि उपस्थिति में बैठक हुई। विधायक मारू ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में आय व्यय की जानकारी ली। विधायक मारू ने कहा अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था सुधारे। नीमच स्टाक से डिलीवरी टेबल एवं अन्य आवश्यक उपकरण तत्काल मनासा लाने हेतु निर्देशित किया। सोलर प्लांट की बैटरी ब्रांडेड कम्पनी की लगाने की बात कहीं। डिलेवरी वार्ड के सभी खिडकियों में मच्छर जाली लगाने के निर्देश दिए।



**फिजियोथेरेरिस्ट की सुविधा**-मनासा अस्पाल को जल्द की फिजियोथेरेरिस्ट की भी सुविधा मिलेगी। बैठक में बीएमओ डॉ. भायल ने इसकी जानकारी दी। डेंटल की जांच हेतु भी 3 डॉक्टरों की नियुक्ति हो चुकी है। एक को मनासा और दो का अन्य स्थान पर अटैच किया हुआ है। डायलिसिस की फ्री सुविधा हो यह निर्णय भी रोकस की बैठक में लिया गया।

**सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था**-अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड की व्यवस्था हो। इस पर विधायक मारू ने अपनी स्वीकृति दी। रोगी कल्याण समिति के माध्यम से गार्ड की नियुक्ति की जाएगी। पूर्व सैनिक अथवा अनुभवी प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति को सुरक्षा हेतु तैनात किया जाएगा। साथ ही अस्पताल परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरे की क्या स्थिति है इसकी भी जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरे हेतु 50 इंच वाली एलईडी खरीदी करने के निर्देश दिए।

**ड्रेस कोड लागू हो**-मनासा को सिविल अस्पताल की सुविधा मिल चुकी है। सर्व सुविधा युक्त अस्पताल भी बनकर तैयार है। अस्पताल में कोई अव्यवस्था नहीं दिखे। इसकी चिंता हमें अभी से करना होगी। व्यवस्था को देखते हुए अस्पताल में ड्रेस कोड लागू हो। इस संबंध में में विधायक मारू ने निर्देशित किया।

**ढाकनी युवाओ ने विधायक मारू को सौंपा ज्ञापन खेल मैदान की मांग की**-ढाकनी के युवाओ ने शनिवार को विधायक कार्यालय पहुँच विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू को ज्ञापन सौंपा ओर खेल मैदान की मांग की। विधायक सरपँच को बुलाकर खेल मैदान हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए और खेल मैदान स्वीकृत करने की बात कही। ढाकनी में क्रिकेट, वॉलीवाल, फुटबाल, कब्बडी, आदि खेल में नवयुवक खिलाड़ी रुचि रखते है। लेकिन आसपास 6 किमी तक कोई मैदान नही है। ढाकनी में पालेश्वर महादेव मंदिर के पास खाली भूमि शासकीय है जहां खेलमैदान बन सकता है। इस पर श्री मारू ने ग्राम पंचायत सरपँच राजेंश करपेन्टर को बुलाया और उक्त मैदान का प्रस्ताव खेल मैदान हेतु बनाने के निर्देश साथ ही विभागीय अधिकारियो को खेल मैदान स्वीकृत करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री मारू ने कहा युवाओ को खेल मैदान उपलब्ध कराया जाएगा। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के माध्यम से युवाओ को खेल गतिविधियों हेतु सामग्री भी दिलाई जाएगी। इस पर उपस्थित युवाओ ने विधायक श्री का आभार माना

# उज्जैन के महाकाल महालोक में स्ट्रीट फूड हब प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार का उद्घाटन आज

**उज्जैन, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित क्षेत्र महाकाल महालोक में बनाए देश के सर्वश्रेष्ठ स्वस्थ एवं स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार का उद्घाटन 7 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मंडाविया करेंगे। साथ ही वे 218 करोड़ रुपये के 187 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में शनिवार को प्रशासनिक अमला व्यस्त रहा। भीड़ बढ़ाने को स्व सहायता समूह की महिलाओं और विभिन्न योजना के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया किप्रसादम्का निर्माण भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से मिली अनुदान राशि से नीलकंठवन के समीप स्थित स्मार्ट वाहन पार्किंग के उपर किया है।

**50 फूड स्टाल खुलेंगे**-प्रसादम में विभिन्न व्यंजनों की उपलब्धता के लिए लगभग 50 फूड स्टाल खुलेंगे। दुकानों का आवंटन जल्द किया जाएगा। यहां बेहद स्वच्छ वातावरण में लोग मालवा के प्रसिद्ध दाल-बाफले-लड्डू, पोहा-जलेबी सहित अन्य स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। यहां खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी स्टाल रहेगा। क्षेत्र प्लास्टिक मुक्त रहेगा।

**लांच होगी स्ट्रीट फूड की वेबसाइट**-उद्घाटन समारोह में हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट की वेबसाइट भी लांच की जाएगी। सांस्कृतिक नृत्य और अन्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे। जैविक उत्पादों के स्टाल लगाए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा विभाग मोटे अनाज के सेवन को प्रोत्साहित करने के लिए स्टाल लगाएगा, जहां कई स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे।

# शिव ने जहर धारण किया था तभी नीलकंठ कहलाए

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुयश रामायण मंडल का तत्वाधान में चल रही चौथे दिवस की कथा में उज्जैन से पधारे पंडित मनोहर नागर ने कहा कि जब समुद्र का मंथन हुआ तो उसमें से जहर निकला था और उस जहर को शिव ने धारण किया था तभी शिव को नीलकंठ कहलाए आप सबको शायद यह पता नहीं होगा वह जहर समुद्र में कैसे आया क्योंकि एक राजा ने मारकंडे ऋषि को सूली पर चढा दिया था तभी उनके भाई ने जो वह भी साधु थे उन्होंने हाथ में जल लेकर उक्त राजा को श्राप दिया और जल धरती के बजाय समुद्र में डाल दिया था वही जल जब समुद्र मंथन हुआ तो जहर के रूप में बाहर निकाला और उसी जहर को शिव ने धारण किया था आपने बताया कि भगवान ने जब वामन अवतार लेकर



बलि राजा से तीन पग जमीन मांगी थी तो उसके बदले भी उन्हें तीन वरदान भी दिए थे जिसमें पहले वरदान में उन्हें पाताल लोक का राजा बनाया था मैं दूसरे वरदान में उन्होंने कहा था कि कोई भी हवन यज्ञ आदि करता है तो बिना अग्नि के हवन में अगर आहुति देता है तो वह राजा बलि को लगती है और तीसरा वरदान आपने कहा कि कोई भी कर्मकांड पूजा करवाते वक्त हाथ में जो कलेवा बांधते है वह राजा बलि का नाम लेकर ही बांधना जाता है यह तीन वरदान भगवान विष्णु ने राजा बलि को दिया था ऐसे कई वृतांत गुरुदेव ने सुनते हुए कृष्ण और उसी के अंतर्गत राम कथा का सारांश बताया तत्पश्चात कृष्णजन्म महोत्सव का भी वृतांत सुनाया और इस अवसर पर लोगों ने बड़ी धूमधाम से कृष्ण जन्म उत्सव में आनंद लेते हुए पंडाल में सब नाचते हुए नजर आए इस अवसर पर अतिथियों ने दिन में पोथी पूजन किया।

# भागवत महापुराण मोक्षदायिनी है-पाराशर

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भागवत महापुराण मोक्षदायिनी है भागवत को जीवन में उतरना चाहिए। भागवत के ज्ञान को मन मस्तिष्क में रखते हुए प्रभु की आराधना करना चाहिए साधना करना चाहिए भक्ति करना चाहिए क्योंकि यही जीवन का सार है यही जीवन का अध्याय महापुराण भागवत महापुराण जीवन जीना सिखाती है यह मोक्षदायिनी है हमें आत्मसात करना चाहिए। उक्त बात रिछाफंटा स्थित हनुमान मंदिर में भागवत आचार्य पंडित हरीश पराशर टंडन का द्वारा भागवत कथा के दौरान कही गई। श्री पाराशर ने कहा कि यह जीवन बंधनों से युक्त है और मनुष्य बंधन युक्त होकर भगवान की आराधना साधना भक्ति नहीं कर सकता है जीवन को पहचानने की आवश्यकता है जीवन में मोक्ष प्राप्ति के लिए बंधनों से छुटकारा पाना जरूरी है तभी भक्ति मार्ग पर चला जा सकता है भक्ति में बहुत शक्ति होती है और यही शक्ति जीवन के लिए नितांत आवश्यक है हरि नाम मां से बजाने पर जब अजामिल का उद्धार हो सकता है तो हमारा क्यों नहीं हो सकता है बस आवश्यकता इस बात की है कि हम आत्मा से अंत:करण से भगवान को याद करें उन्हें पुकारे तभी वह आएंगे। इस अवसर पर विनोद माली पुष्कर कुमावत, सुखदेव कुमावत योगेंद्र जोशी ,आंजना, मांगीलाल सेतखेडी सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

## पत्नी पर धारदार हथियार से हमला, 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने पति सहित 3 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मल्हारगढ निवासी रुबिना ढोल ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मुलतानपुरा निवासी रफीक पिता इब्राहिम ढोल के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। इस बीच बीती रात्रि में पति रफीक जावरा निवासी शोयल पिता फरीद मेवाती व सलमान पिता फरीद मेवाती आए। मैंने बोला कि कोर्ट में प्रकरण चल रहा है, यहां क्यों आए ? तो तीनों ने गाली-गलौज की मेरे पति ने लोहे के शतुन से मेरे पैर पर मारी, जिससे खून बहने लगा, बाद में मुझे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां मेरा इलाज चल रहा है। पुलिस ने पति सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# विकसित संकल्प भारत योजना सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही-गुप्ता

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गरोठ विधानसभा केग्राम बाबुल्दा एवं गरोठ नगर में आयोजित शिविर में पहुंचकर क्षेत्रवासियों से संवाद किया और केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर केदौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी को हित लाभ वितरित किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि विकसित संकल्प भारत योजना केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी



योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम बन रही है। विकसित भारत संकल्प के साथ चलाये जा रहे इस महा-अभियान से सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और प्रतिदिन पात्र लोगों को मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सांसद गुप्ता ने गरोठ नगर के वार्ड नंबर 11 के निवासी श्री घनश्याम प्रजापति जिनका उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 470000 का उपचार हुआ है उनसे बैठकर उनका स्वागत किया श्र ज्ञात रहे की प्रजापति नगर में हाथ ठेला लगाकर अपना व्यापार करते थे। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, मंडल अध्यक्ष सौदान गुर्जर, महामंत्री प्रहलादसिंह हाड़ा, सरपंच कारूलाल पाटीदार, मंडल उपाध्यक्ष तूफान केवट सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## बाइक चोरी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। अफजलपुर निवासी दीपककुमार पिता मदनलाल डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा भाई अर्जुन पायाखेड़ी में कार्यक्रम में गया था, यहां मेरी बाइक (एमपी 14 एमयू 2150) अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। पुलिस ने विवेचना के बाद केस दर्ज किया।

## सीपीएस अफीम किसानों को डोडो पर चीरा लगाने की अनुमति दी जावे-गुर्जर

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व महामंत्री, किसान नेता महेन्द्र सिंह गुर्जर ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर मांग की है कि अफीम उत्पादक अन्नदाता किसानों को वर्ष 2023-2024 के लिए सीपीएस पद्धति के तहत लायसेंस दिए गए हैं। उन सभी अफीम किसानों को भी परम्परागत खेती के तहत डोडो पर चीरा लगाने की अनुमति दी जावे! श्री गुर्जर ने कहा कि भारतीय परिवेश और अफीम खेती की परिस्थितियों को देखते हुए सीपीएस पद्धति के बजाय अफीम की परंपरागत रूप से खेती को ही बढ़ावा दिया जाना चाहिए।



# विश्व हिंदू परिषद का अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रभु श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण आयोजन आज नगर पिपलिया में हुआ। जिसमे नगर के हर बस्ती मोहल्ले के लिए अलग अलग अक्षत कलश तैयार कर कार्यकर्ताओ को वितरण किए। अथिति टेकरी बालाजी के महन्त अरविनानंद सरस्वती, जिला कार्यवाह दिलीप चावड़ा, विहिप जिला सहमंत्री नीलेश जैन आदि थे। अतिथियों का परिचय विहिप बजरंग दल प्रखंड सुरक्षा प्रमुख ईश्वर जी जादव ने कराया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला कार्यवाह दिलीप चावड़ा ने रखी। अक्षत कलश के बारे में



निलेश जैन ने जानकारी दी। बस्ती मोहल्ले से आए सभी बड़े बुजुर्ग, मातृशक्ति व रामभक्तों को अपने बस्ती मोहल्लों के लिए अलग अलग अक्षत कलश वितरण किए। नीलेश जैन ने बताया पिपलिया के साथ ही ये अक्षत कलश वितरण का आयोजन पूरे मल्हारगढ प्रखंड में 15 खंड के सभी गांवो तक एव 3 नगरों के सभी बस्ती मोहल्लों के लिए सम्पन्न हो चुके है। अब कार्यकर्ताओं ने हर नगर, गांव, बस्ती, मोहल्ले के हर हिंदू परिवार में रामभक्त रामदूत बनकर घर घर जाकर अभिमंत्रित अक्षत चित्र व पत्रक भेट कर निमंत्रण देंगे। 22 जनवरी को प्रभु श्री रामलला के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अपने गांव को ही अयोध्या मानकर और अपने मंदिर को राममंदिर मानकर पूजा अर्चना कर आरती कर भव्य रूप से दिवाली सा त्योहार मनाएं। संचालन विहिप के अजय माली ने किया। शुभम शर्मा ने माना।

## मालवा स्वामी के मुख से श्री राम की दिव्य कथा का आनंद बरसेगा

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में श्री राम लला की मूर्तियां स्थापित होने के शुभ अवसर पर ,मन्दसौर जिले में अति प्राचीन नागेश्वर मन्दिर ,प्रांगण पर श्रीमद्भागवत कथा होगी। जिसमें विशेष चौथे दिवस 22 जनवरी 2024 दोपहर में भगवान श्री राम की दिव्य कथा, प्रार्थना, स्तुति, भजन,कीर्तन का का आनन्द बरसेगा। यंहा व्यासपीठ पर प्रसिद्ध भागवत भूषणाचार्य पं. श्रीकृष्ण वल्लभ शास्त्री (मालवा स्वामी) प्रतिदिन दोपहर 12:15 से सायं 04:30 बजे तक अमृतवाणी प्रवहित करेंगे तथा संत विद्वान भी दर्शन, देकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। श्री नागेश्वर श्रद्धालु भक्तजनो ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



# सेना से सेवा पूर्ण कर आगमन पर सैनिक का स्वागत

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश भक्ति राष्ट्र सेवा को समर्पित भारत माता का लाल हमारे मंदसौर जिला के आन बान शान सैनिक विकास सिंह सोलंकी भारतीय सेना से 19 वर्ष देश सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत होकर सकुशल अपने घर मंदसौर में पधारे जहां अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर द्वारा सेवानिवृत्ति सैनिक विकास सिंह सोलंकी का माला ,श्रीफल व संगठन की कैप पहनकर स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मंदसौर के सभी समाजसेवी संगठनों ने भी सैनिक के सम्मान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सैनिक स्वागत सम्मान में नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा व माला पहनाकर सैनिक का स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि मंदसौर के सभी सामाजिक संगठन और पूरा मंदसौर जिला आज सैनिक के सम्मान में पलक पांवड़े बिछाए उनका स्वागत सम्मान करता है यह पूरे शहर के लिए सम्मान की बात है




वहीं पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने कहा कि बाकी नौकरियां नौकरियां होती है लेकिन भारतीय सेना की नौकरी,नौकरी नहीं देश सेवा मानी जाती है भारतीय सैनिक पैसे के लिए नहीं अपितु देश सेवा, राष्ट्रभक्ति को समर्पित होकर भारतीय सीमाओं की रक्षा करते हैं हर मौसम में दुश्मनों से लोहा लेते रहते हैं देश सेवा को समर्पित रहते है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, शंभू गिरी गोस्वामी ,उषा कुमावत, एस.चौहान ,मीडिया प्रभारी नरेंद्र खटवड़, मंदसौर तहसील प्रभारी ओमप्रकाश अहिरवार,जितेंद्र माली, उपाध्यक्ष महेश राठौर,शाकिर अहमद ,दिलीप जामलिया, नारायण सिंह सिसोदिया, चंद्रपाल सिंह सिसोदिया,एम एस चौहान ,कमलेश देवड़ा,प्रहलाद राठौड़, दिलीप सिंह सिसोदिया, बंशीलाल पाटीदार, रामनारायण गुर्जर ,नंदकिशोर जाट ,दिनेश पाटीदार ,मिट्ठू सिंह सिसोदिया सहित अन्य सैनिक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# राम राज्य स्थापना यात्रा का 12 को होगा नगरागमन

## अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित 100 से ज्यादा पू .साधु संत होंगे सम्मिलित, धर्म सभा भी होगी, तैयारी को लेकर महामंडलेश्वर श्री मधुसुदनानंद महाराज के सानिध्य में बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रामलला के मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव की देशभर में तैयारियां चल रही है। देशभर से कई यात्राएं भी अयोध्या पहुंचेगी। जिसमें बडी संख्या में साधु संत मौजूद रहेगे। इसी कड़ी में मालवा से भी एक यात्रा निकाली जाएगी। 10 जनवरी से सेमली के अन्नपूर्णा धाम से यात्रा का शुभारंभ होगा। 12 जनवरी को यात्रा मंदसौर आएगी। इस राम राज्य स्थापना जन जागरण यात्रा का नेतृत्व सुप्रसिद्ध संत महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी 1008 श्री मधुसूदनानंद जी महाराज करेंगे। जिसमें विशेष रूप से अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य श्री रवींद्र पुरी जी महाराज उपस्थित रहेगे। इसके अलावा यात्रा में प्रदेश के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रसिद्ध टीवी सीरियल रामायण में श्री राम और सीता का अभिनय करने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता अभिनेत्री श्री अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया भी मौजूद रहेंगे। यात्रा की तैयारियों को लेकर नगरपालिका सभागृह में एक बैठक का आयोजन महा मंडलेश्वर श्री मधुसूदन आनंद जी महाराज के सानिध्य मे किया गया।




बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुजर , कथावाचक विष्णु प्रसाद शर्मा, समाज सेवी गुरुचरण बग्गा, यात्रा के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल, ब्रजेश जोशी मंचस्थ थे । बैठक में बडी संख्या में नगर के गणमन्य जन, समाजसेवी, ओर मातृशक्ति ने सहभागिता की। बैठक में श्री मधुसूदनानंद जी महाराज ने कहा कि प्रभू राम हमारे ह्दय के अंत:करण में विराजित है। इस यात्रा का नाम दिया गया है राम राज्य स्थापना जन जागरण यात्रा। यह नाम प्रभू की प्रेरणा से ही दिया गया है। हमारा उद्देश्य पूरे ब्रह्मांड में राम राज्य की स्थापना करना है। अब वापिस कलयुग में राम राज्य की स्थापना करना है। हिंदू समाज के सामने आने वाली चुनौतियों को खत्म करना ही साधु संतों का उद्देश्य है। यह एक चुनौती है। हम भौतिकता के युग में जी रहे हैं। हम अपने हिंदू भाईयों को संपत्ती देखकर सम्मान देते हैं। परिणाम तिरस्कार के चलते धर्मांतरण के रूप में सामने आ रहा है। भगवान और मंदिर सभी के हैं। धर्म में सभी का एक ही स्थान होना चाहिए। राम राज्य के भाव को स्थापित करना ही हमारा उदेश्य है। भेदभाव को खत्म करने से राम राज्य की स्थापना हो जाएगी। देश के कोने कोने से यात्राएं निकाली जा रही है। यह देखकर मैने भी मालवा से एक यात्रा निकालने के बारे में सोचा। साधु संतों के सामने इस बात को रखा। आज तक अनेक यात्राएं निकलते हुए देखी होगी। लेकिन यह यात्राएं विशेष और अदभूत होगी। जिसमें देश के कोने कोने से सैंकड़ों साधु संत सम्मीलित होगे। 12 जनवरी का दिन राम राज्य स्थापना जन जागरण यात्रा के लिए रखा गया है। इसका कारण है इस दिन विवेकानंद जी का जयंती और युवा दिवस है। विवेकानंदजी ने शिकांगो जाने पर देखा कि भगवत गीता सबसे नीचे रखी हुई है। उस पर बाईबल सहित अन्य ग्रंथ रखे थे। इस पर विवेकानंदजी ने कहा कि भगवत गीता हटा दी जाए तो सभी ग्रंथ गिर जाएंगे। स्वामी जी ने कहा कि सैकड़ो संतों का नगर में आना बहुत शुभ है इतने संत जब नगर में आते हैं तो नगर वासियों की सारी पीड़ाएं लेकर जाते हैं।

**इन्होंने भी किया संबोधित**-नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि 12 जनवरी सौभाग्य का दिन है। जिसमें दूर दराज से साधु संत पधार रहे हैं। मंदसौर नगरवासी धर्म के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यात्रा का भी भव्य स्वागत करें। श्री गुरु चरण बग्गा ने कहा कि बहुत सारा इतिहास हमें पढ़ाया नहीं गया। हमें सिर्फ अकबर और बाबर जैसे लोगो के बारे में पढ़ाया गया। लेकिन भविष्यवाणी हुई थी कि इक्कीसवीं सदी हिदूत्व की होगी। जिसे अब दुनिया भी मान रही है। विहिप के सम्भागीय सह संयोजक अर्जुन गेहलोत ने संबोधित करते हुए यात्रा के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा में कई नुक्कड़ सभाएं होगी। मालवा के 785 गांवों से होकर यात्रा निकलेगी। सेमली अन्नपूर्णा शक्ति पीठ से होकर यात्रा पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगी। जिसमें 100 साधु संत होगे। वहीं सौ वाहनों के साथ पांच रथ भी मौजूद रहेगा।

कथा वाचक विष्णु प्रसाद शर्मा ने कहा कि यह अवसर व्यर्थ न जाने दे। 12 जनवरी को माथे पर तिलक लगाकर सब निकले। ाम राज्य की स्थापना के लिए मन को बदलना होगा। राम राज्य की स्थापना के दिन आतिशबाजी करें और दीपक लगाकर भगवान राम का स्वागत करे। यात्रा समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि मंदसौर में धर्म की गंगा बह रही है। साधु संतों का सानिध्य लगातार प्राप्त हो रहा है। 12 जनवरी को मंदसौर राममय हो जाए, ऐसा प्रयास करना है। मंदसौर नगर की ओर से श्री मधुसुदनांद जी महाराज का शाल ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। सम्मान के समय वीरेंद्र अग्रवाल बिल्लू और प्रद्युमन शर्मा भी मंच पर उपस्थित हुए।संचालन वरिष्ठपत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया तथा आभार प्रदीप भाटी ने माना।



# पिकअप से 44 क्विंटल चावल जप्त, जांच जारी


**सहकारी राशन की दुकान के अनाज की आशंका, मंदसौर से राजस्थान के चौमहला जा रहा था**

**सीतामऊ, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। पुलिस और जिला आपूर्ति विभाग ने चावल से भरी पिकअप पकडी है। प्रथम दृष्टया यह चावल कंट्रोल की दुकान के लग रहे हैं। चावल को मंदसौर से चौमहला ले जाया जा रहा था। वाहन मालिक, चालक और जहां से चावल भरे गए थे, तीनों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा जाएगा।**

सीतामऊथाना पुलिस ने सूचना के आधार पर मंदसौर से आ रही 407 गाडी को थाने के सामने रोका। जिसमें देखा गया की गाडी में चावल भरे है, जिसको लेकर पुलिस द्वारा खाद्य अधिकारी को सूचना दी गई। सूचना पर खाद्य अधिकारी थाना सीतामऊ पहुंचे, जहां पर वाहन एमपी 43 जी 3592 गाडी में चावल पाए गए। अधिकारी ने पीडीएस चावल को लेकर थाने पर ही कार्यवाही की। जिसमें गाडी मालिक, वाहन चालक इमरान निवासी विक्रमगढ आलोट एवं जहां से माल भरा गया। इन तीनों के ऊपर कागजी कार्यवाही की गई। बाद पीडीएस चावल को मध्य प्रदेश वेयर हाउस लदुना रोड पर स्थित वेयर हाउस पर दिया गया। वही गाडी थाने में जमा कर दी गई। कार्यवाही को लेकर खाद्य अधिकारी रमेश जांगडे ने बताया की सीतामऊ पुलिस द्वारा गाडी पकडी थी। जिसमें चावल भरे थे, उनके द्वारा हमें सूचना मिली, जिस पर हम मौके पर पहुंचे। जहां पर हमारे द्वारा देखा गया तो प्रथम दृष्टिया पीडीएस चावल को मानकर वाहन मालिक, वाहन चालक एवं जहा से चावल भरे गए। तीनों के ऊपर कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। जप्त चावल 44 क्विंटल 45 किलो पाया गाया जो मंदसौर से भरकर चोमेला ले जाया जा रहा था।

## राज्यपाल मंगू भाई पटेल का भ्रमण कार्यक्रम

**जमुनिया कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे**



**नीमच, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल 8 जनवरी को नीमचजिले के भ्रमण पर रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल 8 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे सूठोद जिला मंदसौर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर एक बजे नीमच के ऑफिसर्स मैस आगमन होगा। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल दोपहर 2:15 बजे नीमच जिले के ग्राम जमुनिया कला पहुंच कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल जमुनिया कला से अपरान्ह 3.25 बजे प्रस्थान कर नीमच हैलीपैड पर पहुंचेंगे। और हैलीकॉप्टर द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे.

# आधे सांसदों का टिकट कटना तय

**मंदसौर में भी उठापटक की संभावना**

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में भी भाजपा विधानसभा चुनाव का फार्मूला अपना सकती है। लोकसभा में भी कुछ प्रत्याशियों के नामों की घोषणा समय से पहले की जा सकती है। भाजपा 29 सीटों में से 15 सीटों पर नए चेहरे उतारकर सभी को हैरान कर सकती है। वहीं राज्यसभा सांसदों को भी लोकसभा का चुनाव लड़ाने की चर्चा है। ऐसे में मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भी परिवर्तन संभावित माना जा रहा है।

मध्यप्रदेश में हाल ही में भाजपा ने जो फार्मूला अपनाया था, उसे लोकसभा चुनाव में भी अपनाने की तैयारी चल ही है। क्योंकि भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में 18 सांसदों को विधानसभा में उतारा था। जिनमें से चार केंद्रीय मंत्री थे। इनके परिणाम काफी अच्छे आए थे। सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश में फिलहाल 29 में से 28 सीटों पर भाजपा के सांसद है। जबकि, छिंदवाड़ा अकेली ऐसी सीट थी, जिस पर कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ चुनाव जीते थे। अब भाजपा छिंदवाड़ा के साथ ही उन 7 सीटों पर भी फोकस कर रहे है, जो हाल ही में खाली हुई है। कुल मिलाकर इस बार मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से 15 सीटों पर नए नाम चौंका सकते हैं।

# शीत लहर से ठिठुरा अंचल

**मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में शीतलहर के चलते कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। साल की शुरुआत के साथ अब तक जिलेवासियों को धूप नसीब नहीं हुई। एक दिन गुरुवार को फोरी राहत के बाद शुक्रवार को फिर मौसम बदला और ठंड ने तेवर दिखाए। सीजन का अब तक का सबसे ठंडा दिन ही शनिवार को रहा। सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा तो ठंडी हवाओं की रफ्तार भी तेज रही। वहीं जिले में दोपहर तक ओस की बूंदे गिरती रही। इसके चलते ठंड का असर भी बढ़ गया।

आलम तो यह रहा है कि दोपहर में सूरज नारायण के दर्शन के बाद भी अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की और पिछली रात का तापमान भी गिरा। सर्द हवाओं के कारण दिनभर बाजार में आम लोग ऊनी कपड़ों में खुद को समेटकर बाहर निकले और हवाओं से बचते हुए नजर आए तो अलग-अलग जगहों पर अलाव जलने का दौर भी जारी रहा। अलाव के सहारे हर कोई ठंड को मात देने की कोशिश में लगा है। लेकिन पिछले छह दिनों से आम लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है। मौसम के जानकारों की माने तो दो-तीन दिन और मौसम यथावत रहेगा।

गुरुवार को मिली हल्की राहत के बाद शनिवार को फिर बादल छाए और कोहरा भी बढ़ा। हालांकि, दोपहर को सूरज के दर्शन से थोड़ी राहत मिली। शुक्रवार रात 10 बजे से ही कोहरा छाने लगा था। सुबह 9 बजे तह कोहरा छाया रहा। इस दौरान विजिबलिटी भी घटी। मौसम बदलने से दिन के तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट आई है। जिले में न्यूनतम तापमान 09 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने जिले में बारिश की संभावना जताई है। कहा गया है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते मौसम में बदलाव आया है। अगले दो तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा इसके बाद राहत मिलेगी। हवाओं की गति भी 12 किमी प्रतिघंटे से अधिक की रही।

**इसरो का नया कीर्तिमान...**

# आदित्य-एल1 का सूर्य को हेलो, मोदी बोले- विज्ञान की नई सीमाओं को बढ़ाना जारी रखेंगे



**नई दिल्ली, 6 जनवरी।** पूरी तरह से स्वदेशी आधारित सूर्य का अध्ययन करने वाला इसरो के आदित्य एल1 यान को शनिवार को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया गया। अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वॉइंट 1ट (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में पहुंचा। इसरो की इस सफलता पर पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी है।

पीएम मोदी ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर नोट शेयर करते हुए लिखा, भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

मालूम हो कि आदित्य एल1 यान सूर्य के सबसे करीब जाकर इसका अध्ययन करेगा और हमें महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराएगा। एल1 प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो प्वाइंट कहा जाता है। प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी इसरो को बधाई दी। कहा, भारत के लिए यह साल शानदार रहा। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, टीम इसरो द्वारा लिखी गई एक और सफलता की कहानी। सूर्य-पृथ्वी कनेक्शन के रहस्यों की खोज के लिए आदित्य एल1 अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है।

## महिला को पीटा, ससुर पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट करने वाले ससुर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। लसुड़िया कदमाला निवासी पिकंकी पिता विनोद बावरी ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कि ससुर मिठ्ठलाल बावरी बोले भैंस को खेत से साथ क्यों नही लाई, कहते हुए गाली-गलौज की व ईट से सिर पर मारी, लकड़ी से पीटा। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने ससुर मिठ्ठलाल के खिलाफ केस दर्ज किया।

## युवक को पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** युवक के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। सेसड़ी निवासी गजेन्द्रसिंह पिता मनोहरसिंह राजपूत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर पर खाना खा रहा था, इसी दौरान गांव का नरेन्द्रसिंह व लक्ष्मणसिंह आए और बोले कि बहुत पटेल बन रहा है, कहते हुए गाली-गलौज की व सिर पर लकड़ी से मारी, जिससे खून बहने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

**स्व. कश्मीरीलालजी अरोरा गंगानगर बैंडमिंटन प्रतियोगिता...**

## दूसरे दिन 39 मैच हुए, अब मुख्य चक्र में होगा मुकाबला

**नीमच, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय कश्मीरीलालजी अरोरा की स्मृति में पांच दिवसीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता टाउन हाल और लायंस क्लब में खेली जा रही है। शनिवार को महिला व पुरूष वर्ग में सिंगल्स, डबल्स व मिक्स डबल्स के क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जा गए। दिनभर दोनों जगहों पर 39 मैच खेले गए। विजेता खिलाडियों ने अब मुख्य चक्र में प्रवेश किया।



प्रतियोगिता के आयोजक अरुल अशोक गंगानगर, नीमच जिला बैडमिंटन एसोसिएशन सचिव दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य राउंड 8 व 9 जनवरी को होगा। रविवार को सुबह 10 बजे मुख्य चक्र एक ही जगह लायंस क्लब में खेला जाएगा। मुख्य चक्र में महिला वर्ग में मुग्धा सिंहल, श्रेया चौहान, गौरी शर्मा ग्वालियर, श्रेया त्रिपाठी ने प्रवेश किया। वहीं मिक्स डबल्स में यश रायकवार धार, आदिति वर्मा भोपाल, आदी पटवा उज्जैन और जुही चौधरी ने क्वालीफाई किया। पुरूष सिंगल वर्ग में अहान पाठक जबलपुर, ध्रुवसिंह भोपाल, ऋषभ राठौर बडवानी, अक्षय करडे छिंदवाडा, उज्ज्वल गोयल धार, अभिनव खरे इंदौर, कनिष्क शर्मा धार, ध्रुव चौहान सीहोर और महिला एकल वर्ग में नोदिता गुप्ता एमपीबीए, अवनी यादव एमपीबीए, अनुष्का शाहपुरकर, सनिका जगधाले ने प्रवेश किया। इसी प्रकार पुरूष डबल्स वर्ग में अस्तित्व काले, रवि कुशवाह इंदौर, संकल्प चौधरी उज्जैन, गौरव राय, कुशाग्र पांडेय धार, अनिकेत यादव धार, उज्ज्वल गोयल, जयंत शर्मा शिवपुरी आदि 7 जनवरी को मुख्य चक्र में खलेंगे। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में ऋषभ राठौर, अमित राठौर, ऐश्वर्या मेहता, भूमिका वर्मा, प्रियंका पंत, स्वातिसिंह सौलंकी सहित अन्य मध्यप्रदेश टीम के सदस्य नीमच पहुंच चुके है।

# देश की तीनों सेनाओं के लिए जबलपुर में तैयार हुए अत्याधुनिक बम

**जबलपुर, 6 जनवरी।** आयुध क्षेत्र में देश की शीर्ष आयुध निर्माणी खमरिया ओएफके ने अत्याधुनिक बमों का उत्पादन कर रक्षा क्षेत्र में सेना के तीनों अंगों को बेहद समक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर जबलपुर को इस क्षेत्र में नई उपलब्धि प्रदान कर दी है। इस साल अपने रिकार्ड उत्पादन की ओर अग्रसर निर्माणी ने 125 एमएम अभ्यास एम्युनेशन के साथ ही साथ कई किलोग्राम भार क्षमता का उत्पादन कर सेना की मांग को पूरा में सहायक बन गई है।

**4 हजार अधिकारी-कर्मचारियों की मेहनत**-म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआइएल) की एक इकाई के रूप में अग्रणी ओएफके रक्षा क्षेत्र मांग के अनुरूप गोला-बारूद के साथ अनेक आधुनिकतम बमों की श्रृंखला का उत्पादन कर रही है। इस कार्य में उसके करीब 2800 कर्मचारी व अधिकारियों समेत 4000 का स्टाफ महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। रशिया के सहयोग कभी बमों का उत्पादन करने वाली निर्माणी आज आत्मनिर्भर भारत की ओर महत्वाकांक्षी कदम बढ़ाते हुए बमों की स्वदेशी संस्करण के साथ शीर्ष क्रम में पहुंचने में सफल हुई है।

**500 किग्रा से लेकर हजार एलबीएस बमों को दिया आकार**-खमरिया में दिन व रात दो पालियों में कार्य करते हुए अनेक महत्वपूर्ण बमों की नई खेप तैयार की है और इनकी सेना को सप्लाई भी कर दी गई है। भारतीय थल सेना, नौ सेना, वायुसेना के लिए 125



एमएम अभ्यास एम्मुनेशन, राकेट 84 एमएम हीट, मल्टी मोड हैंड ग्रेनेड, 500 किग्रा जीपी बम, 450 किग्रा बम, 250 किग्रा प्री फ्रेग बम, 1000 एलबीएस बमों की नई श्रृंखला का उत्पादन किया है। ये बम एमएचए सिविल ट्रेड के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही बमों के नए वर्जन का उत्पादन जारी है।

**2300 करोड़ के लक्ष्य को पाने की चुनौती**-ओएफके प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले 10 माह में ही कई बड़े व आधुनिक बमों को आकार देकर 1575 करोड़ रुपये का उत्पादन कर लिया है और माना जा रहा है कि शेष तीन माह यानी 31 मार्च तक 2300 करोड़ रुपये के तय लक्ष्य को पाने प्रयासरत है।

**एमआइएल ने हजार करोड़ रुपये का उत्पादन किया**-रक्षा क्षेत्र में भारत सरकार का उपक्रम म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआइएल) की देशभर में 11 इकाईयां हैं, इनमें आयुध निर्माणी खमरिया भी शामिल है। एमआइएल की रिपोर्ट के अनुसार उसे पांच हजार करोड़ से अधिक का निर्यात आर्डर भी प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक इस वित्त वर्ष में करीब एक हजार करोड़ रुपये का उत्पादन कर सप्लाई पूर्ण हो चुकी है। ओएफके अपने बेहतर कार्य की वजह से 1575 करोड़ रुपये का उत्पादन सेना के लिए करने में सक्षम हुई है। शेष लक्ष्य को निर्माणी द्वारा तीन माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

**अविनाश शंकर, जनसंपर्क अधिकारी, आयुध निर्माणी खमरिया**

## दुर्घटना में हुई थी 2 लोगों की मौत, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में 2 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 28 दिसम्बर 2023 को पिपलियामंडी हाईवे पर मीनाक्षी होटल के निकट बाइक पर सवार होकर नीमच से मंदसौर जा रहे माल्याखेडा (रतलाम) निवासी सत्तु पिता मंशाराम नायक व व कालू पिता बाबरु नायक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, दोनों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद टक्कर मारने वाले पिकअप (एमपी 14 जेडबी 6923) के ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 ए में केस दर्ज किया।

# बे टिकट यात्रियो से 9 माह में वसूले 16 करोड़ से ज्यादा रूपए

**रतलाम/मंदसौर, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने पिछले 9 माह में बिना टिकट अवैध यात्रा करने वाले यात्रियों से 16.02 करोड़ रुपए वसूले है। इस वसूली में बिना बुक किए सामान के मामले भी शामिल है। रेलवे द्वारा मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अवैध यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया।

अप्रैल 23 से दिसम्बर 23 तक चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट/अनियमित यात्रा के लगभग 2.65 लाख मामले हुए। जिनमें बिना बुक किए सामान के मामले भी शामिल थे। इसके परिणामस्वरूप पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर लगभग 16.20 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। वर्ष 2023-24 के दौरान मई 23 में 2.46 करोड़ एवं नवंबर 23 में 2.40 करोड़ का राजस्व हासिल किया। जो इस वर्ष का अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा है। वर्ष 2023-24 में दिसम्बर 23 तक कुल 16.02 करोड़ का राजस्व टिकट चेकिंग से प्राप्त हुई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त राजस्व 15.47 करोड से लगभग 3.56 प्रतिशत अधिक है। रतलाम रेल मंडल जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने कहा कि आमजन किसी भी प्रकार कीअसुविधा से बचने के लिए उचित और वैध टिकटों के साथ यात्रा करें और यात्रा के दौरान वैध पहचान पत्र अपने साथ रखें।

# 12 वीं में 70 अंकों का, 10 वीं में 75 अंकों का होगा प्रश्नपत्र

**भोपाल, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पांच फरवरी से आयोजित होने वाली 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली हैं। आंतरिक मूल्यांकन के लिए मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति और अंक देने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

10वीं में 75 अंक का सैद्धांतिक प्रश्नपत्र और 25 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा, वहीं 12वीं में प्रायोगिक विषयों में 70 अंकों का प्रश्नपत्र और 30 का प्रयोग होगा, जबकि बिना प्रायोगिक विषयों का प्रश्नपत्र 80 अंक का और 20 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा। दोनों कक्षाओं में स्वाध्यायी विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि आंतरिक मूल्यांकन के अंक आनलाइन भरे जाएंगे। मंडल की ओर से आंतरिक और बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति के लिए भी गाइडलाइन जारी कर दी है। प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंतरिक मूल्यांकन कर्ताओं की नियुक्ति संबंधित स्कूल के प्राचार्य द्वारा उनके स्कूल में कार्यरत संबंधित विषय के शिक्षकों से की जाएगी। स्कूलों के एमपी आनलाइन के लाग इन में पांच मार्च से आंतरिक मूल्यांकन और प्रायोगिक परीक्षा के अंक भरे जाएंगे।





**इस तरह होगी मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति**-10वीं की विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति बाह्य मूल्यांकनकर्ता के विषय समूह के पूरक के रूप में की जाएगी। उदाहरण के तौर पर अगर बाह्य परीक्षक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र समूह का है तो आंतरिक मूल्यांकनकर्ता जीव विज्ञान, रसायनशास्त्र ग्रुप का नियुक्त किया जाएगा। अगर एक ही मूल्यांकनकर्ता को एक से अधिक स्कूलों में बाह्य मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया जाता है तो उन स्कूलों की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां अलग-अलग होनी चाहिए।

**स्वाध्यायी विद्यार्थियों को अधिभार मिलेगा**-10 वीं में नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए 75 अंकों का प्रश्नपत्र रहेगा। नियमित विद्यार्थियों के लिए 75 अंक सैद्धांतिक और 25 अंक प्रोजेक्ट, प्रैक्टिकल और नोटबुक के लिए निर्धारित हैं। इसके अलावा स्वाध्यायी विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा। उनका 75 अंकों के प्राप्तांक का 100 प्रतिशत अधिभार देकर अंकसूची तैयार की जाएगी।

**12 वीं में यह होगा**-12 वीं के नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषयों के प्रश्नपत्र 80 अंक के होंगे।नियमित विद्यार्थियों के लिए 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किए गए हैं। वहीं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए 80 अंक का प्रश्नपत्र बनाया जाएगा और 100 अंक से मूल्यांकन किया जाएगा।

**स्कूलों को भेजने होंगे अंक**-आनलाइन ओएमआर शीट में एक बार अंक प्रविष्टि करने के बाद उसका प्रिंट निकालकर संबंधित स्कूलों को उसका मिलान करना होगा। इसके बाद उसे फाइनल लाक प्राचार्यों को करना होगा। फाइनल लाक के बाद संबंधित शीट में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रायोगिक और आंतरिक परीक्षाओं के नंबर केवल आनलाइन ही मान्य किए जाएंगे। आफलाइन अंक किसी भी स्थिति में मान्य नहीं किए जाएंगे।मंडल ने इसे सावधानीपूर्वक भरने के निर्देश दिए हैं, ताकि बाद में किसी भी तरह की समस्या न आए।

# मारपीट कर कार को किया क्षतिग्रस्त पुलिसकर्मी सहित 4 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के प्रकरण में पुलिस ने पुलिसकर्मी सहित चार आरोपियों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया। सेलावरी निवासी तूफानसिंह पिता कमलसिंह चोहान ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं रात्रि में अपनी कार (एमपी 14 सीसी 7351) से गांव जा रहा था, इसी दौरान गांव के भोपालसिंह पिता रामसिंह व भांगी पिपलिया निवासी राजेन्द्रसिंह पिता बलवन्तसिंह अपने (एमपी 14 सीसी 5597) से मिले, रास्ता रोका, मैंने कार का कांच उतरा तो राजेन्द्रसिंह बोला तू मेरे जीजा भोपालसिंह से बहुत दादागिरी कर रहा है, कहकर गाली-गलौज की व कार के कांच फोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिए। कार में तोड़फोड की व दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 427, 506, 34 में केस दर्ज किया। वहीं नीमच के जीरन थाने पर पदस्थ आरक्षक भांगी पिपलिया निवासी राजेन्द्रसिंह पिता बलवन्तसिंह चोहान ने शिकायत दर्ज कराई कि मैं कार से अपने जीजाजी भोपालसिंह के घर जा रहा था। इसी दौरान सेलावरी निवासी तूफानसिंह पिता कमलसिंह चोहान, लोकेश उर्फ लोकपालसिंह एक अन्य व्यक्ति मिले, गाली-गलौज करने लगे, गाली देने से मना किया तो तीनों ने पत्थरों से हमला किया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों ने मारपीट की व कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 294, 506, 427, 34 में केस दर्ज किया।







**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 06.01.2024

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशांत कुमार धाकड़ पिता शिवनारायण जी, निवासी ग्राम नगरी तहसील दलौदा जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जो कि वार्ड क्रमांक- 11, लक्ष्मी गली में सीरियल क्रमांक 85 व निर्धाण क्रमांक-52/1 प.ह.नं. 40 ग्राम नगरी तहसील दलौदा जिला मंदसौर का सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक-एमपी249392024ए 1016264 दिनांक 04.01.2024 से अपनी पत्नी गंगा धाकड़ पति प्रशांत कुमार जी, निवासी ग्राम नगरी तहसील दलौदा जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-राजेश पिता अशोक का मकान, पश्चिम में-कमलेश पिता अमतराम का मकान, उत्तर में-मोहनलाल पिता खेमराज का मकान, दक्षिण में-रास्ता, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 25 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 25 फीट है। कुल क्षेत्रफल - 625 वर्गफीट या 58.08 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर प्रशांत कुमार धाकड़ पिता शिवनारायण जी, निवासी ग्राम नगरी तहसील दलौदा जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर







स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in